**NEWS CLIPPING: 16.05.2021**

## THE IMPRESSIVE TIMES

# JC BOSE UNIVERSITY TO PROVIDE DIGITAL LEARNING SOLUTIONS TO GOVERNMENT POLYTECHNICS

**Faridabad (TIT NEWS):** J.C. Bose University of Science and Technology, YMCA, Faridabad has come forward to assist and provide its digital learning solutions to Government Polytechnics and Colleges under the Department of Technical Education. The Vice Chancellor Prof. Dinesh Kumar has assured the Principal Secretary of Technical Education and Higher Education, Government of Haryana, Sh. Anand Mohan Sharan to help the Department in introducing Digital Learning Management System for Government Polytechnics and Colleges. Sh. Anand Mohan Sharan was Chief Guest in the valedictory function of two-day National Technology Day event which was organized by the Department of Computer Engineering of the University in association with Haryana Science and Technology Department. Registrar Dr. S.K. Garg, Chairperson of Computer Engineering Department Dr. Komal Kumar Bhatia and Director, Computer Centre and Digital Affairs Dr. Neelam Duhan were also present on this occasion. The two-day event was attended by 576 students representing more than 35 Colleges and Schools spanning 13 States across the Country. The Vice Chancellor apprised the Principal Secretary about the digital initiatives taken by the University during pandemic like University owned Digital Learning Management System (DLMS), Oxygen Re-filling Management System and COVID Helpdesk (https://jcboseust.ac.in/content/covid_desk), a collection of resources like plasma, hospitals, beds with oxygen supply and others that get constantly updated in real time to serve the needy in the ongoing pandemic. Due to the digital initiatives, the University has not only streamlined its Teaching-Learning process during pandemic but has also been able to conduct its exams on time, VC added. Addressing the valedictory programme Sh. Anand Mohan Sharan applauded the digital initiatives taken by the University such as COVID Helpdesk, Oxygen Re-filling Management System and DLMS, in particular. He said that with the implementation of systems like DLMS in Polytechnics and Colleges, it would not only streamline Teaching-Learning but also save the Government resources. He urged the University to help the Department for introducing the system at Government Polytechnics and Colleges level.



**J. C. Bose University of Science and Technology, YMCA, Faridabad**
*(formerly YMCA University of Science and Technology)*
A State Govt. University established wide State Legislative Act. No. 21 of 2009
SECTOR-6, FARIDABAD, HARYANA-121006
Ph. 129-2310127 | email:proymcaust@gmail.com | web: www.jcboseust.ac.in

GOLDEN JUBILEE YEAR
(1969-2019)

**NEWS CLIPPING: 16.05.2021**

## SATYAJAY TIMES

# जेसी बोस विश्वविद्यालय सरकारी पॉलिटेक्निक को डिजिटल लर्निंग समाधान प्रदान करेगा



मदरलैंड संवाददाता, फरीदाबाद। जेसी. बोस विज्ञान और प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, वाईएमसीए, फरीदाबाद तकनीकी शिक्षा विभाग के अंतर्गत सरकारी बहुतकनीकी संस्थानों और कॉलेजों को डिजिटल शिक्षण समाधान प्रदान करने में सहयोग करेगा। यह आश्वासन कुलपति प्रो. दिनेश कुमार ने हरियाणा सरकार के तकनीकी शिक्षा एवं उच्च शिक्षा विभागों के प्रधान सचिव आनंद मोहन शरण को दिया उन्होंने कहा कि सरकारी बहुतकनीकी संस्थानों और कॉलेजों के लिए डिजिटल लर्निंग मैनेजमेंट सिस्टम शुरू करने में विश्वविद्यालय विभाग की मदद करेंगे। आनंद मोहन शरण विश्वविद्यालय के कंप्यूटर इंजीनियरिंग विभाग द्वारा हरियाणा विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग के सहयोग से आयोजित दो दिवसीय राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी दिवस कार्यक्रम के समापन समारोह में मुख्य अतिथि थे। इस अवसर पर कुलसचिव डॉ. एसके गर्ग, कंप्यूटर इंजीनियरिंग विभाग के अध्यक्ष डॉ. कोमल कुमार भाटिया और कंप्यूटर सेंटर और डिजिटल मामलों की निदेशक डॉ. नीलम दुहन भी उपस्थित थी। दो दिवसीय कार्यक्रम में देशभर के 13 राज्यों से 35 से अधिक कॉलेजों और स्कूलों के 576 छात्रों ने भाग लिया। कुलपति ने प्रधान सचिव को महामारी के दौरान विश्वविद्यालय द्वारा विकसित डिजिटल लर्निंग मैनेजमेंट सिस्टम (डीएलएमएस), आक्सीजन रि-फिलिंग मैनेजमेंट सिस्टम और कोविड हेल्पडेस्क जैसी डिजिटल पहलों से अवगत कराया। विश्वविद्यालय जरूरतमंद लोगों को प्लाज्मा, अस्पताल में बेड, ऑक्सीजन की आपूर्ति और अन्य जानकारी उपलब्ध करवा रहा है। उन्होंने कहा कि डिजिटल पहल के कारण विश्वविद्यालय ने महामारी के दौरान न केवल अपनी टीचिंग-लर्निंग प्रक्रिया को सुव्यवस्थित किया है, बल्कि अपनी परीक्षाएं समय पर आयोजित करने में भी सक्षम हुआ है।

**J. C. Bose University of Science and Technology, YMCA, Faridabad**
*(formerly YMCA University of Science and Technology)*
A State Govt. University established wide State Legislative Act. No. 21 of 2009
SECTOR-6, FARIDABAD, HARYANA-121006
Ph. 129-2310127 | email:proymcaust@gmail.com | web: www.jcboseust.ac.in

GOLDEN JUBILEE YEAR
(1969-2019)

**NEWS CLIPPING: 16.05.2021**

## PUNJAB KESARI

# जेसी बोस विश्वविद्यालय सरकारी पॉलिटेक्निक को डिजिटल लर्निंग समाधान प्रदान करेगा

**■ हरियाणा तकनीकी शिक्षा के प्रधान सचिव ने विश्वविद्यालय की डिजिटल पहलों को सराहा**

फरीदाबाद, 15 मई (ब्यूरो): जेसी बोस विज्ञान और प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, वाईएमसीए, फरीदाबाद तकनीकी शिक्षा विभाग के अंतर्गत सरकारी बहुतकनीकी संस्थानों और कॉलेजों को डिजिटल शिक्षण समाधान प्रदान करने में सहयोग करेगा। यह आश्वासन कुलपति प्रो. दिनेश कुमार ने हरियाणा सरकार के तकनीकी शिक्षा एवं उच्च शिक्षा विभागों के प्रधान सचिव आनंद मोहन शरण को दिया और कहा कि सरकारी बहुतकनीकी संस्थानों और कॉलेजों के लिए डिजिटल लर्निंग मैनेजमेंट सिस्टम शुरू करने में विश्वविद्यालय विभाग की मदद करेंगे। आनंद मोहन शरण विश्वविद्यालय के कंप्यूटर इंजीनियरिंग विभाग द्वारा हरियाणा विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग के सहयोग से आयोजित दो दिवसीय राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी दिवस कार्यक्रम के समापन समारोह में मुख्य अतिथि थे। इस अवसर पर कुलसचिव डॉ. एसके गर्ग, कंप्यूटर इंजीनियरिंग विभाग के अध्यक्ष डॉ. कोमल कुमार भाटिया और कंप्यूटर सेंटर और डिजिटल मामलों की निदेशक डॉ. नीलम दुहन भी उपस्थित थी। दो दिवसीय कार्यक्रम में देशभर के 13 राज्यों से 35 से अधिक कॉलेजों और स्कूलों के 576 छात्रों ने भाग लिया।



*कार्यक्रम को संबोधित करते हुए हरियाणा तकनीकी शिक्षा एवं उच्च शिक्षा विभागों के प्रधान सचिव आनंद मोहन शरण।*

कुलपति ने प्रधान सचिव को महामारी के दौरान विश्वविद्यालय द्वारा विकसित डिजिटल लर्निंग मैनेजमेंट सिस्टम (डीएलएमएस), आक्सीजन रि-फिलिंग मैनेजमेंट सिस्टम और कोविड हेल्पडेस्क जैसी डिजिटल पहलों से अवगत कराया। कोविड हेल्पडेस्क के माध्यम से विश्वविद्यालय जरूरतमंद लोगों को प्लाज्मा, अस्पताल में बेड, ऑक्सीजन की आपूर्ति और अन्य जानकारी उपलब्ध करवा रहा है।

उन्होंने कहा कि डिजिटल पहल के कारण विश्वविद्यालय ने महामारी के दौरान न केवल अपनी टीचिंग-लर्निंग प्रक्रिया को सुव्यवस्थित किया है, बल्कि अपनी परीक्षाएं समय पर आयोजित करने में भी सक्षम हुआ है। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए आनंद मोहन शरण ने कोविड हेल्पडेस्क, आक्सीजन रि-फिलिंग मैनेजमेंट सिस्टम और विशेष रूप से डिजिटल लर्निंग मैनेजमेंट सिस्टम के लिए विश्वविद्यालय की डिजिटल पहल की सराहना की।

उन्होंने कहा कि सरकारी बहुतकनीकी संस्थानों और कॉलेजों में यह व्यवस्था लागू होने से न केवल टीचिंग-लर्निंग को सुव्यवस्थित किया जा सकेगा बल्कि सरकारी संसाधनों की भी बचत होगी। उन्होंने विश्वविद्यालय से सरकारी बहुतकनीकी संस्थानों और कॉलेजों के स्तर पर प्रणाली शुरू करने के लिए विभाग की मदद करने का आग्रह किया। उन्होंने कहा कि प्रौद्योगिकी और अनुसंधान को आम लोगों तक पहुंचाना इंजीनियरों का काम है।

कार्यक्रम के समापन पर कुलसचिव डॉ. एसके गर्ग ने मुख्य अतिथि का धन्यवाद किया। इससे पहले उन्होंने विभिन्न प्रतियोगिताओं के विजेताओं की घोषणा की तथा विद्यार्थियों को विज्ञान और प्रौद्योगिकी में शोध के लिए प्रेरित किया। प्रतियोगिताओं के विजेताओं को नकद पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम समन्वयक डॉ. नीलम दुहन ने बताया कि इन कार्यक्रमों में हरियाणा, उत्तर प्रदेश, पश्चिम बंगाल, ओडिशा, कर्नाटक, पंजाब, मध्य प्रदेश, दिल्ली, जम्मू और कश्मीर, गुजरात, राजस्थान, तेलंगाना और छत्तीसगढ़ सहित 13 राज्यों के प्रतिभागियों की भागीदारी रही।

**NEWS CLIPPING: 16.05.2021**

**AMAR UJALA**

# राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी दिवस पर हुआ कार्यक्रम

एनबीटी न्यूज, फरीदाबाद : जेसी बोस यूनिवर्सिटी के कंप्यूटर इंजीनियरिंग विभाग द्वारा हरियाणा विज्ञान व प्रौद्योगिकी विभाग के सहयोग से आयोजित दो दिवसीय राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी दिवस कार्यक्रम का आयोजन किया गया। समापन अवसर पर तकनीकी शिक्षा व उच्च शिक्षा विभाग के प्रधान सचिव आनंद मोहन शरण मुख्य अतिथि के रूप में जुड़े। इस दौरान जेसी बोस यूनिवर्सिटी ने तकनीकी शिक्षा विभाग के अंतर्गत सरकारी बहुतकनीकी संस्थानों व कॉलेजों को डिजिटल शिक्षण समाधान प्रदान करने में सहयोग देने की बात कही। कुलपति प्रफेसर दिनेश कुमार ने आनंद मोहन शरण को यह आश्वासन दिया। कुलपति ने कहा कि सरकारी बहुतकनीकी संस्थानों व कॉलेजों के लिए डिजिटल लर्निंग मैनेजमेंट सिस्टम शुरू करने में यूनिवर्सिटी विभाग की मदद करेंगे। दो दिवसीय कार्यक्रम में देशभर के 13 राज्यों से 35 से अधिक कॉलेजों व स्कूलों के 576 छात्रों ने भाग लिया। कार्यक्रम के समापन पर कुलसचिव डॉ. एसके गर्ग ने मुख्य अतिथि का धन्यवाद किया।

**NEWS CLIPPING: 16.05.2021**

## DAINIK BHASKAR

# जेसी बोस विवि बहुतकनीकी संस्थानों व कॉलेजों को डिजिटल शिक्षण समाधान प्रदान करने में सहयोग करेगा

**फरीदाबाद|** जेसी बोस विज्ञान और प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय तकनीकी शिक्षा विभाग के तहत सरकारी बहुतकनीकी संस्थानों और कॉलेजों को डिजिटल शिक्षण समाधान प्रदान करने में सहयोग करेगा। यह आश्वासन कुलपति प्रो. दिनेश कुमार ने हरियाणा सरकार के तकनीकी शिक्षा एवं उच्च शिक्षा विभागों के प्रधान सचिव आनंद मोहन शरण को दिया। उन्होंने कहा कि सरकारी बहुतकनीकी संस्थानों और कॉलेजों के लिए डिजिटल लर्निंग मैनेजमेंट सिस्टम शुरू करने में विश्वविद्यालय विभाग की मदद करेंगे। आनंद मोहन शरण विश्वविद्यालय के कंप्यूटर इंजीनियरिंग विभाग की ओर से हरियाणा विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग के सहयोग से आयोजित दो दिनी राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी दिवस कार्यक्रम के समापन समारोह में मुख्य अतिथि थे। कार्यक्रम में देशभर के 13 राज्यों से 35 से अधिक कॉलेजों और स्कूलों के 576 छात्रों ने भाग लिया।

**NEWS CLIPPING: 16.05.2021**

## DAINIK JAGRAN

# पोस्टर मेकिंग में खालसा कालेज के धवन रहे प्रथम

जागरण संवाददाता, फरीदाबाद : जेसी बोस विश्वविद्यालय के तत्वावधान में राष्ट्रीय प्रौद्योगिक दिवस पर आयोजित दो दिवसीय कार्यक्रम में कुलपति प्रो.दिनेश कुमार ने कहा कि विश्वविद्यालय सरकारी बहुतकनीकी संस्थानों और कालेज के लिए डिजिटल लर्निंग मैनेजमेंट सिस्टम शुरू करने में सहयोग करेगा। डिजिटल पहल के कारण विश्वविद्यालय ने महामारी के दौरान न केवल अपनी टीचिंग-लर्निंग प्रक्रिया को सुव्यवस्थित किया है, बल्कि अपनी परीक्षाएं समय पर आयोजित करने में भी सक्षम हुआ है। कार्यक्रम में तकनीकी शिक्षा एवं उच्च शिक्षा विभागों के प्रधान सचिव आनंद मोहन शरण, कुलसचिव डा.एसके गर्ग, कंप्यूटर इंजीनियरिंग विभाग के अध्यक्ष डा.कोमल कुमार भाटिया और कंप्यूटर सेंटर और डिजिटल मामलों की निदेशक डा.नीलम दूहन भी जुड़ीं।

दो कार्यक्रम में देशभर के 13 राज्यों से 35 से अधिक कालेज और विद्यालयों के 576 छात्रों ने भाग लिया। आनंद मोहन शरण ने कोविड हेल्पडेस्क, आक्सीजन रिफिलिंग मैनेजमेंट सिस्टम और विशेष रूप से डिजिटल लर्निंग मैनेजमेंट सिस्टम के लिए विश्वविद्यालय की डिजिटल पहल की सराहना की। इसके तहत विभिन्न प्रतियोगिताएं भी हुई, जिसमें पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता में जेसी बोस विश्वविद्यालय के विकास विजेता रहे। लायलपुर खालसा कालेज जालंधर के धवल आनंद और जेसी बोस विश्वविद्यालय के हिमांशु ने क्रमशः दूसरा और तीसरा स्थान हासिल किया। विद्यालय श्रेणी में बक्सी जगबंधु स्कूल ओडिशा की आयशा पांडा ने पहला, होली क्रास स्कूल अगरतला के वैभव दत्ता और सेंट जोसेफ कोएड स्कूल, भोपाल की रिया जैन ने क्रमशः दूसरा और तीसरा स्थान हासिल किया। बीआरसीएम पब्लिक स्कूल भिवानी और जेसी बोस विश्वविद्यालय की टीमों ने क्रमशः दूसरा और तीसरा स्थान हासिल किया।